>

Title: Need for ensuring proper repair and maintenance of National Highway between Orissa border and Bohragoda in Jamshedpur Parliamentary Constituency.

श्री सुनील कुमार महतो (जमशेदपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर में राट्रीय राजमार्ग छः एवं 33 के खण्ड उड़ीसा बार्डर से बोहरागोडा तक का जो राट्रीय राजमार्ग है, उसकी दशा अत्यंत ही खराब है और इस मार्ग पर जगह जगह पर गहरे-गहरे गढढे हैं, जिसके कारण आये दिन इस राजमार्ग पर गंभीर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। वाहनों के प्रचालन में कई प्रकार की दिक्कत होती हैं। आये दिन जाम होता रहता है। इस राजमार्ग से पश्चिम बंगाल, उत्तर पूर्व के विभिन्न राज्य, उड़ीसा, आंध प्रदेश, तमिलनाडु एवं अन्य दक्षिण राज्यों के अत्यधिक वाणिज्य वाहनों का आवागमन होता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन राट्रीय राजमार्गों को प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य करवाया जाये, जिससे इन राट्रीय राजमार्गो पर चलने वाले बड़े-बड़े वाहनों को अपने कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।